





# एसआईआर में 86 हजार नाम काटे, 19 हजार की मृत्यु हो गई!

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** एसआईआर के बाद लंबी मशक्कत के बाद 86100 मतदाताओं के नाम कट गए हैं। जिले में 10 लाख 29 हजार के लगभग मतदाता थे। अब 10 लाख से भी कम मतदाता बचे हैं। निर्वाचन में कई नामों की उखाड़ पछाड़ देखने को मिली। अब मतदाता सूचियों का प्रशासन लोगों के लिए जारी कर दिया गया है। इसमें कई तरह के नए परिवर्तन देखने को मिलेंगे। कई जगह नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं। एक महीने तक लोगों को समय दिया जा रहा है, कि यदि उनका नाम नहीं है तो वे नियम सहित आपत्ती बताएं।



## कटे या जोड़े नाम पर आपत्ति 22 जनवरी तक

दावे आपत्ति दर्ज करने का कार्य 23 दिसंबर से 22 जनवरी 2026 के बीच किया जाएगा। आपत्तियों का निपटान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा 14 फरवरी तक किया जाएगा। इसके बाद निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा।

### जिले में 181 नए मतदान केन्द्र

नई चुनावी व्यवस्था के अनुसार जिले में 27 अक्टूबर 2025 तक कुल 1066 मतदान केंद्र थे। आयोग के नए प्रावधानों के तहत अब 1500 के स्थान पर 1200 मतदाताओं पर एक मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिले में कुल 181 मतदान केंद्र नए बनाए गए हैं। इनमें मांधाता विधानसभा क्षेत्र में 28, हरसूद विधानसभा क्षेत्र में 41, खंडवा विधानसभा क्षेत्र में 59, और पंधाना विधानसभा क्षेत्र में 53 मतदान केंद्र नए बनाए गए हैं। जिले में अब कुल 1247 मतदान केंद्र हो गए हैं। जिसमें मान्धाता विधानसभा क्षेत्र में 280, हरसूद विधानसभा क्षेत्र में 298, खंडवा विधानसभा क्षेत्र में 324 तथा पंधाना विधानसभा क्षेत्र में 345 मतदान केंद्र शामिल हैं।

### 86,193 मतदाता कम हो गए

जिले में कुल 1029806 मतदाता थे जो कि आज की स्थिति में घटकर 943613 हो गए हैं। इस तरह 86193 मतदाता विभिन्न कारणों से कम हुए हैं। प्रारूप मतदाता सूची में जो मतदाता कम हुए हैं उनमें 18956 मृत होने के कारण, 7548 अनुपस्थित होने के कारण, 50784 स्थाई रूप से अन्यत्र शिफ्ट होने के कारण, 8782 एक से अधिक स्थानों पर दर्ज होने के कारण तथा 123 मतदाता अन्य कारणों से कम हुए हैं। 21 फरवरी को सब साफ हो जाएगा कि कौन वोट डाल सकता है, और कौन नहीं? आपको अपना नाम भी देखना जरूरी है। बड़ी बात यह भी है कि जिले में 181 नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

# बदलें एसएन कॉलेज का ढर्रा, पढ़ाई समय से करवाएं

नवभारत न्यूज

**खंडवा। निमाड़ के सबसे बड़े एसएन कॉलेज में अनियमितताओं का बोलबाला है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खंडवा ने ज्ञापन देकर इन्हें सुधारने की अंतिम चेतावनी भी दी है। कॉलेज में बाहरी असामाजिक तत्व बेखौफ घुस रहे हैं। महाविद्यालय द्वारा संचालित बस का रूट बनाए जाने की भी छात्रों ने मांग की है। महाविद्यालय में आई कार्ड वह ड्रेस कोड का पालन भी नहीं कराया जा रहा है। कई लापरवाही के कारण पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।**

नगर मंत्री दीपांशु पटेल ने बताया कि एस एन कॉलेज में कई प्रकार की लंबे समय से अनियमितताएं चल रही हैं। पूर्व में भी अभाविप के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन दिया था, जिसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## लेक्चररों के समय निर्धारित करें

छात्रों ने मांग की है कि महाविद्यालय द्वारा संचालित बस में महिला व पुरुष कंडक्टर की व्यवस्था करवाई जाए। महाविद्यालय द्वारा संचालित बस में विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए सीसीटीवी कैमरे लगवाया जाएं। महाविद्यालय परिसर में बंद पड़े वाटर चिल्डरों को ठीक करवाया जाए। महाविद्यालय परिसर में नियमित रूप से साफ़ सफाई करावाई जाए। कम्प्यूटर लैब में बंद कम्प्यूटरों को ठीक करवाया जाए। महाविद्यालय में लेक्चररों का समय निर्धारित किया जाए और उन्हें समय से लगवाया जाए। महाविद्यालय में परीक्षा के दौरान चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों ड्यूटी लगाई जाती जो उसके लिए पात्र नहीं है पात्र शिक्षकों की ड्यूटी लगवाया जाए।

## 15 दिन में व्यवस्था सुधारें

विद्यार्थी परिषद ने ज्ञापन देते हुए कहा कि 15 दिनों में इन 11 सूत्रीय मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए अन्यथा विद्यार्थी परिषद चरणबद्ध आंदोलन को बाध्य होगी। प्राचार्य द्वारा जल्द से जल्द सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया ज्ञापन का वाचन एस एन कॉलेज इकाई अध्यक्ष सागर गुर्जर द्वारा किया गया।



### असामाजिक तत्वों का प्रवेश रोकें

छात्रों ने प्रदर्शन करते हुए कालेज प्रबंधन से कहा है कि महाविद्यालय द्वारा संचालित बस के मार्ग में वृद्धि करवाई जाए। महाविद्यालय में स्थित जिम को छात्रों के लिए खुलवाया जाए। महाविद्यालय परिसर में बाहरी असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर रोक लगवाई जाए। महाविद्यालय में आई डी कार्ड व ड्रेस कोड का अनिवार्य रूप से पालन करवाया जाए।

# अपने घरों की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अवश्य लगवाएं

## कलेक्टर गुप्ता ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से जल संरक्षण की अपील की

नवभारत न्यूज

**खण्डवा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मंगलवार को चाइल्ड एजुकेशन सोसाइटी, दिल्ली एवं मध्य प्रदेश पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में संचालित बाल भारती पब्लिक स्कूल, खंडवा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से जल संरक्षण के उद्देश्य से अपने अपने घरों की पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने की अपील की।**

कार्यक्रम में कलेक्टर गुप्ता ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि हम पानी का उत्पादन तो नहीं कर सकते, लेकिन पानी का अपव्यय रोक तो सकते हैं। पानी की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए हमें पानी बचाने की आदत डालनी होगी। वर्षा का पानी व्यर्थ बहकर न चला जाए, इसलिए हमें अपने अपने घरों की पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाना ही चाहिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से कहा कि हर साल भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है।




कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने इस दौरान कहा कि वर्षा के बहते हुए पानी का केवल 6 प्रतिशत पानी ही रिसकर भूजल स्तर बढ़ाता है, बाकी पानी व्यर्थ बह जाता है। इसलिए अमृत संचय अभियान के तहत हमें जिले के सभी सरकारी और प्रायवेट मकानों की पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाना ही होगा। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री गुप्ता ने विद्यार्थियों द्वारा निर्मित विभिन्न प्रोजेक्ट्स मॉडल्स का अवलोकन किया।

इन प्रोजेक्ट्स में विज्ञान, तकनीक, सामाजिक विज्ञान, कला तथा स्वचालित यंत्रों से संबंधित मॉडल प्रदर्शित किए गए। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनके विचारों एवं प्रयासों की सराहना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने राष्ट्रीय स्तर की रोप स्किपिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी करन पटेल को सम्मानित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संत सिंगाजी थर्मल पावर प्लांट के मुख्य अभियंता जे. सी. जूनेवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी पी. एस. सोलंकी एवं अन्य उपस्थित थे।

# भारतीय मजदूर संघ ने आयोजित किया श्रम संहिता श्रमिक संवाद कार्यक्रम




नवभारत न्यूज

**खंडवा।** चार श्रम संहिताओं के माध्यम से 29 श्रम कानूनों को एकीकृत कर श्रमिकों को सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों का मजबूत आधार मिला है। भारतीय मजदूर संघ की मांग पर पहली बार टैग प्रणाली लागू की जा रही है, जिससे श्रमिकों की पहचान और उनके अधिकार विधिसम्मत रूप से सुरक्षित होंगे। यह बात भारतीय मजदूर संघ मध्यप्रदेश के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर ने खंडवा प्रवास के दौरान आयोजित श्रम संहिता श्रमिक संवाद कार्यक्रम में कही।

कार्यक्रम का आयोजन भारतीय मजदूर संघ जिला ईकाई खंडवा द्वारा लायंस भवन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रमिक गीत के साथ हुई, जिससे पूरे वातावरण में श्रमिक चेतना और संगठनात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। मंच पर कुलदीप सिंह गुर्जर, विभाग प्रमुख, जिला अध्यक्ष राजीव मालवीय एवं जिला मंत्री प्रवीण शर्मा उपस्थित रहे।

अपने उद्बोधन में श्री गुर्जर ने कहा कि अब नियुक्ति पत्र देना अनिवार्य किया गया है, जिससे श्रमिकों का भविष्य सुरक्षित होगा और शोषण की संभावनाएं समाप्त होंगी। साथ ही श्रम से जुड़े विषयों पर विधि-सम्मत पत्राचार की व्यवस्था तय की गई है। उन्होंने बताया कि आजादी पूर्व बने श्रम कानूनों में वर्तमान परिस्थितियों और बदलते कार्य परिवेश के अनुरूप संशोधन किए गए हैं, ताकि श्रमिकों को समयानुकूल संरक्षण मिल सके।

उन्होंने यह भी कहा कि जिस प्रकार भारत ने जी-20 के अंतर्गत लेबर-20 की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ ने की वैश्विक नेतृत्व प्रस्तुत किया, जो श्रमिक संगठनों की बढ़ती वैश्विक भूमिका को दर्शाता है।

श्री गुर्जर ने अपने संबोधन में सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वावलंबी भारत और कुटुंब प्रबोधन को श्रमिक आंदोलन के प्रमुख आयाम बताते हुए कहा कि भारतीय मजदूर संघ केवल मजदूरी की बात नहीं करता, बल्कि राष्ट्र निर्माण में सहभागी श्रमिक वर्ग तैयार करने का कार्य कर रहा है। भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख ने आयाम संयोजकों घोषणा की पटवारी संघ के अश्वनी सैनी को सामाजिक समरसता जिला संयोजक, अतिथि शिक्षक संघ के ओमप्रकाश प्रजापति को स्वदेशी आयाम जिला संयोजक तथा आर के पांचाल को स्वावलंबी भारत अभियान के जिला संयोजक बनाया गया।

कार्यक्रम का संचालन जिलामंत्री प्रवीण शर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव मालवीय, कोषाध्यक्ष विजय सनावा, जिलासह मंत्री राकेश मालवीय एवं कार्यालय मंत्री योगेश पटेल सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी नागरिकों की समस्याएं



**खण्डवा।** जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत प्रत्येक मंगलवार को अधिकारियों द्वारा नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण किया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर के. आर. बड़ोले एवं डिप्टी कलेक्टर बजरंग बहादुर ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

## एक नजर में

### अतुल जाट (विक्रम अवार्डी) को एमपी गौरव अवार्ड




**खंडवा।** गत दिवस निमाड़ ताइक्कांडो क्लब की 5वीं वार्षिक अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतुल जाट (विक्रम अवार्डी) को मध्य प्रदेश गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। विक्रम अवार्डी अतुल जाट के हाथों लाइबा खान, ऋषि भोरगे, अनन्या सोनी और मिशिका हुमर को ब्लैक बेल्ट प्रमोशन मिला। नियति ठाकुर और खनक फाल्के बेस्ट प्लेयर ऑफ एनटीसी गर्ल, अद्विक पालीवाल बेस्ट प्लेयर ऑफ एनटीसी बॉय, सीनियर बॉयज फर्स्ट, सीनियर गर्ल्स सेकंड, ब्राजील डांस डेमो तृतीय और शिवरिया टाउनशिप एसएसटी ताइक्कांडो क्लब भी तृतीय रहे। कोच राजेंद्र राजपूत, ज़ैद खान, शिवांश कुशवाह, फैज़ान खान और सागर सोलंकी को भी सम्मानित किया गया। संचालन सय्यद मोहम्मद ज़ाकिर ने किया। आभार मुगीस खान (जिला सचिव, ताइक्कांडो) ने व्यक्त किया।

### बलियापुरा और दगड़खेड़ी में ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाए "बोरी बंधान"



**खण्डवा।** खण्डवा जिले में कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में ''मिशन अमृत संचय'' अभियान के तहत जल संरक्षण के क्षेत्र में लगातार कार्य कराए जा रहे हैं। इसके तहत नदी नालों में बहते पानी को रोककर आसपास के क्षेत्र का जलस्तर बढ़ाने के उद्देश्य से गांव-गांव में बोरीबंधान संरचनाएं बनाई जा रही हैं। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री जगदीश पटेल ने बताया कि मंगलवार को किल्लौद विकासखंड के ग्राम बलियापुरा में जल संरक्षण के उद्देश्य से ग्रामीणों ने श्रमदान कर बोरीबंधान तैयार किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ साथ सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थियों, नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधियों ने भी श्रमदान किया। इसके अलावा अमृत संचय अभियान के तहत हरसूद विकासखण्ड के ग्राम दगड़ खेड़ी में भी ग्रामीणों ने बोरीबंधान संरचना का निर्माण किया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक ललित पॉवर सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां बोथिया खुर्द, पलानी मॉल, धनोरा मॉल के अध्यक्ष व सचिव भी शामिल हुए। श्रमदान के बाद आयोजित सेक्टर बैठक में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का महत्व बताते हुए घर घर में इसे लगवाने के बारे में ग्रामीणों को समझाया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण



**खण्डवा।** मातृ व शिशु स्वास्थ्य के बेहतर प्रबंधन व बच्चों में अंतराल रखने के लिए परिवार कल्याण के अस्थाई साधन अंतरा इजेक्शन व छाया गोली के प्रति ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को जागरुक करने के उद्देश्य से सोमवार को खालवा, हरसूद व किल्लौद विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। सोमवार को प्रशिक्षित ये डॉक्टर्स, मातृ व शिशु स्वास्थ्य के उद्देश्य से बच्चों में अंतराल रखने के लिए परिवार कल्याण के अस्थाई साधनों के बारे में गांव की महिलाओं को समझाकर प्रेरित करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल ने बताया कि बच्चों में अन्तर रखने के लिए गर्भनिरोधक अन्तरा इंजेक्शन तीन माह के अंतराल में महिला को लगाकर बच्चों में अन्तर रखा जा सकता है। यह अस्थाई साधन की सेवायें जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व आयुष्मान आरोग्य मंदिरो पर नि:शुल्क उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि छाया गोली गर्भ निरोधक का साधन है इसके माध्यम से भी बच्चों में अंतर रखा जा सकता है। डॉ. रश्मि कौशल ने बताया कि बच्चों में अंतराल मॉ एवं बच्चे के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के विकास के लिए जरुरी है।

### राज्यस्तरीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया



**मूंदी।** राज्यस्तरीय नरसिंहपुर मेश्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 में श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह, खंडवा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दस संभागों की टीमों के बीच हुए रस्साकसी की प्रतियोगिता में उपविजेता (रनरअप) का स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर सिंगाजी टीम को ट्रॉफी, स्मृति चिन्ह और 50,000 का नगद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल तथा राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल द्वारा खिलाड़ियों को दिया गया। सिंगाजी टीम में मनोज उरांव, मुकेश शुक्ला, दिलीप डावर, अबजल खान, गणेश डांडेगे, संजय काटोलकर, युवराज जाधव, विशाल केवट, मनीष टंडन और इंदर हरयाल शामिल थे। सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल और टीम भावना का परिचय देते हुए टीम को उपविजेता बनाने में अहम योगदान दिया। सम्मान समारोह में श्रम मंत्री ने खिलाड़ियों की मेहनत और संघर्षशीलता की सराहना की। मुख्य अभियंता जे सी जुनवाल द्वारा भी टीम को शुभकामनाएं दी गई तथा टीम की सराहना की गई और कहा कि खिलाड़ियों ने परियोजना का नाम रोशन किया है और भविष्य में और भी ऊँचाइयाँ हासिल करने की आशा व्यक्त की गई। श्री सिंगाजी ताप विद्युत ग्रह की टीम का यह प्रदर्शन संस्था और जिले के लिए गर्व का विषय है। खिलाड़ियों की मेहनत और टीम भावना ने यह साबित किया कि समर्पण और एकजुटता से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव एवं खंडवा जिला प्रभारी उबेद अल्ला बैठक लेंगे

**खण्डवा।** मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव उबैद उल्ला का प्रभार क्षेत्र जिला खण्डवा में प्रथम दौरा कार्यक्रम के तहत बुधवार को खंडवा पहुचकर गांधी भवन में बैठक लेंगे। जिला प्रभारी उबैद उल्ला ज़िला युवा कांग्रेस कार्यकारिणी जिला स्तरीय बैठक एवं नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्षगण व समस्त निर्वाचित पदाधिकारीयो से वन टू वन चर्चा कर मार्गदर्शन देंगे। युवा कांग्रेस खण्डवा जिला अध्यक्ष अनिल जाधव ने समस्त युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से कार्यक्रम में समय पर शामिल होकर सफल बनाने की अपील की है।

**खेल प्रतियोगिता** — विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों को परियोजना प्रमुख, अजीत कुमार द्वारा ट्रॉफी प्रदान की

# बैडमिंटन एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन

नवभारत न्यूज

**नर्मदानगर।** एनएचडीसी इंदिरा सागर पावर स्टेशन में दिनांक 23.12.2025 से 24.12.2025 तक एथलेटिक्स एवं बैडमिंटन अंतर परियोजना खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर निगम मुख्यालय, भोपाल, इंदिरा सागर पावर स्टेशन एवं ओंकारेश्वर पावर स्टेशन की टीमों एवं खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

उक्त प्रतियोगिता का शुभारंभ परियोजना प्रमुख, अजीत कुमार द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में आये खिलाड़ियों को पुष्प (रोजबड) देकर उन्हें उत्कर्ष प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

मंगलवार को एथलेटिक्स प्रतियोगिता परियोजना के कालोनी क्षेत्र में स्थित न्यू एफ टाईप, खेल मैदान मेंआयोजित की गई। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़, भाला फेक एवं गोला फेक महिला एवं पुरूष वर्गो में अलग-अलग से आयोजित की गई है। जबकि बैडमिटन प्रतियोगिता मॉं नर्मदा कला भवन में आयोजित की जा रही है।




विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों को परियोजना प्रमुख, अजीत कुमार द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई। 100 मीटर (पुरूष वर्ग) दौड़ प्रतियोगिता में विजेता ओकारेश्वर पावर स्टेशन से दिनेश कुमार परपाची एवं उप विजेता ओकारेश्वर पावर स्टेशन से ही संजीव कुमार सिंह रहे।

100 मीटर (महिला वर्ग) दौड़ प्रतियोगिता में विजेता इंदिरा सागर पावर स्टेशन से रेशमा संजीव एवं उप विजेता निगम मुख्यालय, भोपाल से रूचिका जैन रही। भाला फेक (पुरूष वर्ग) विजेता इंदिरा सागर पावर स्टेशन से अनिल कुमार यादव एवं उप विजेता ओंकारेश्वर पावर स्टेशन से चंदन कुमार दलाई रहे।

भाला फेक (महिला वर्ग) विजेता निगम मुख्यालय, भोपाल से रूचिका जैन एवं उप विजेता इंदिरा सागर पावर स्टेशन से कविता आलोक पस्तोर रही।

गोला फेक (पुरूष वर्ग) विजेता इंदिरा सागर पावर स्टेशन से भगवान सिंह नेगी एवं उप विजेता ओंकारेश्वर पावर स्टेशन से संजय प्रजापति रहे।

गोला फेक (महिला वर्ग) विजेता निगम मुख्यालय, भोपाल से बिंदिया गुरूंग एवं उप विजेता इंदिरा सागर पावर स्टेशन से रेशमा संजीव रही।

200 मीटर (पुरूष वर्ग) दौड़ प्रतियोगिता में विजेता ओंकारेश्वर पावर स्टेशन से दिनेश कुमार परपाची एवं उप विजेता इंदिरा सागर पावर स्टेशन से रामबाबू रहे।

200 मीटर (महिला वर्ग) दौड़ प्रतियोगिता में विजेता इंदिरा सागर पावर स्टेशन से रेशमा संजीव एवं उप विजेता ओंकारेश्वर पावर स्टेशन से सुश्री लीमा टी एस रही।

इस अवसर पर गोपाल खण्डेलवाल, महाप्रबंधक (सिविल), हरेन्द्र प्रताप सिंह, महाप्रबंधक (आईटी), पिंकी कुमारीअध्यक्षा, लेडीस वेलफेयर, रेशमा संजीव, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन)-खेल समन्वयक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

